हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

06 अवैध कॉलोनी विकसित करने के लिए 30 विशाल पेड़...



07 खेतों में आड़ी गिरी धान की फसल किसान बोले बर्बाद...





## खबर संक्षेप

### अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें। जिससे जनसाधारण को सुविधा होगी।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी रोग का उपचार निःशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सरल आनलाइन प्रक्रिया

**सागर।** आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2021 के पूर्व उक्त मेडिकल सर्टिफिकेट मैनुअल तरीके से जारी किए जाने का प्रावधान था। मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड चिकित्सक पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एनआईसी के सारथी पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक है। ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है।

### किसान, गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाएं

**सागर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जान गए है और अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है।मध्यप्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गौ-मूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति से जीवामृत बना रहे हैं।

## राज्यपाल ने की फूड फारेस्ट्री योजना की सराहना, हितग्राहियों को वितरित किए विभिन्न योजनाओं के हितलाभ

# वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकर, राजा रघुनाथ के बलिदान से प्रेरणा लेने की आवश्यकताः राज्यपाल मंगुभाई पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आज हम गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती की कर्मभूमि में हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 500 सालों के बाद भी आज हम गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती के संघर्षों, उसकी वीरता और उसके बलिदानों को भूल नहीं पाए हैं। उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि रानी दुर्गावती दोनों हाथों में तलवार लेकर लड़ा करती थीं। हमें गोंडवाना की इस वीरांगना की वीर गाथाओं को सदैव स्मरण करना चाहिए। माननीय राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजाति समाज में वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकरशाह, राजा रघुनाथ शाह जैसे वीरों ने जन्म लिया जिन्होंने अपनी मातृ भूमि की रक्षा के लिए वीरता के साथ आक्रांताओं का सामना किया और देश की सुरक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि हमें जनजातीय समाज के इन वीर सपूतों के बलिदानों को सदैव स्मरण करना चाहिए और देश के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेना चाहिए।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज सागर जिले के रहली विकासखंड के ग्राम पंचायत कड़ता में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक रहली गोपाल भार्गव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सागर जिले में प्रारंभ की गई फूड फॉरेस्ट योजना एक अभिनव योजना है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से स्वसहायता समूहों की महिलाओं को सीधा आर्थिक लाभ




होगा। उन्होंने कहा कि सागर जिले में फूड फॉरेस्ट्री कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी तीन वर्षों में लगभग 10 लाख पौधों का रोपड़ जिससे आगामी वर्षों में महिलाओं को स्वरोजगार मिलेगा और उनके जीवन में बदलाव आयेगा। राज्यपाल ने कहा कि यह महिला सशक्तिकरण के लिए की गई अच्छी पहल है। जनसंवाद में राज्यपाल ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सीधा लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अब स्वच्छ वातावरण में भोजन तैयार कर रही हैं। राज्यपाल ने केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय परिवारों के लिए प्रारंभ की गई जनमन योजना और धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम योजना की चर्चा करते हुए कहा केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए जनमन योजना में लगभग 24 हजार करोड़ रुपए और धरती आबा उत्कृष्ट ग्राम योजना में लगभग 80 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इन योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिससे जनजातीय वर्ग के लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आएगी। राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय वर्ग के लोगों को प्रशिक्षण देकर मध्यप्रदेश में कर्मयोगी बनाने की पहल की गई है। इस योजना से मध्यप्रदेश में लगभग 3 लाख कर्मयोगियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि गोंडी पेंटिग्स की आज देश ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्धि है। जनजातीय वर्ग के लोक कलाकारों द्वारा तैयार की गई गोंडी पेंटिग्स कला को और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि आज क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्षय रोगियों का समुचित उपचार होना चाहिए तथा क्षय रोगियों को समय समय पर दवाईयां लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। क्षय रोगी समय पर दवाईयां दे रहा है अथवा नहीं इसकी भी सतत मॉनीटरिंग होनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है सिकल सेल की बीमारी लहू की बीमारी है इसके के प्रति लोगों में जागरुकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल की बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करें। सिलक सेल से पीड़ति लोगों को सही उपचार लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि मैं जब तक रहूंगा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना हमारी रहली विधानसभा क्षेत्र के इसी ग्राम कड़ता से शुरू हुई थी जब हमने यहां सैकड़ो कन्याओं का कन्यादान लिया था । गोपाल भार्गव ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती, शंकर शाह, रघुनाथ शाह ने अपने बलिदान से अनुसूचित जाति जनजाति सहित सभी जातियां के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि कड़ता ग्राम साक्षी है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को मैंने भू-अधिकार योजना के अंतर्गत पट्टे प्रदान किए जिसके माध्यम से लोगों ने बैंक लोन लिया और कपिलधारा योजना के अंतर्गत पंप कुआं भी लगवाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार लगातार अनुसूचित जनजाति वर्ग सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। विधायक भार्गव ने कहा कि यहां सभी वीरों की जन्मजयंती पर मेले का आयोजन भी किया जाता है। यहां संग्रहालय एवं रानी दुर्गावती की प्रतिमा देखने लायक है। कार्यक्रम में पुलिस बैंड के द्वारा राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विधायक ब्रजबिहारी पटैरिया, विधायक वीरेन्द्र लोधी, जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा, रश्मी सुरेश कपश्या, लक्ष्मी कपश्या, वंदना यादव, डीआईजी सचेन्द्र नाथ चौहान, कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी विकास शाहवाल उपस्थित थे।



## भंडारे में पत्तल फेंकने को लेकर बिगड़ी बात, आधी रात किया चक्का जाम, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में चल रहे दुर्गा पंडाल के दौरान अचानक विवाद हो गया और मामला इतना बड़ा की चक्का जाम तक पहुंच गया और फिर पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। बता दें कि गढ़ाकोटा के अंबेडकर वार्ड में लाडली एकता समिति के द्वारा माता रानी के भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें कन्या भोजन चल रहा था । कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों द्वारा पत्तल फेंकी गई और मारपीट की गई । जिसको लेकर समिति के सदस्यों ने बड़े पुल पर चक्का जाम कर दिया जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची समझाइस दी। कुछ लोगों के द्वारा पत्तल क्यों फेंकी गई मारपीट की घटना क्यों हुई इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है । फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। लाडली एकता समिति के अध्यक्ष अरुण कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि माता रानी का भंडारा चल रहा था जिसमें कन्याओं का भोजन चल रहा था तभी तीन चार लोग आए और कन्याओं की थाली फेंक दी। खाना बना रही महिलाओं पर भी धक्का मुक्की की एवं समिति के तीन चार सदस्यों से मारपीट की जिसके बाद हम लोगों के द्वारा यहां चक्का जाम किया गया है ।




## वनों के पुर्नस्थापन व वन्यप्राणी संरक्षण हेतु लेण्डस्केप पद्धति पर कार्यशाला आयोजित

**सागर।** वन वृत्त सागर में वनों के पुर्नस्थापन एवं वन्यप्राणी संरक्षण में लेण्डस्केप पद्धति को मुख्य धारा में शामिल करने के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला श्रीमान प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैंपा) मनोज अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन तथा रिपुदमन सिंह भदौरिया, वन संरक्षक, सागर वृत्त के निर्देशन में संपन्न हुई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के रूप में सेवा निवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक रमेश श्रीवास्तव, के. रमन एवं चिरंजन त्यागी उपस्थित रहे। इन विशेषज्ञों द्वारा बुंदेलखंड लेण्डस्केप एवं ग्रेटर पन्ना लैंडस्केप के लिए एकीकृत भूदृश्य प्रबंधन योजना के तहत इंटीग्रेटेड लेण्डस्केप मैनेजमेंट प्लान तैयार करने हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। भविष्य में इस योजना के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाहियाँ की जाएंगी। कार्यशाला का आयोजन वरुण यादव, वनमंडल अधिकारी, दक्षिण सागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर वन वृत्त सागर के समस्त वनमंडल अधिकारी, उपवनमंडल अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही।

## कांग्रेस ने श्रेष्ठ नवदुर्गा झांकी, मार्शल आर्ट कला और अखाड़ा प्रतियोगिताओं को किया सम्मानित

**सागर।** शहर के हृदय स्थल कांग्रेस कार्यालय के पास जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में दशहरा पर्व पर निकलीं श्रेष्ठ प्रतिमाओं की प्रस्तुति एवं शहनाई धुन, अखाड़ों द्वारा दी गई प्रस्तुति को लेकर आज कांग्रेस कार्यालय में उनका सम्मान किया गया । जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा की बुंदेलखंड की को उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनमें और लगन बढ़ती है हमारे शहर के नौजवान अपनी संस्कृति को जीवित रखने के लिए अपनी जान हथेली पर रखकर हैरतअंगेज कारनामे अखाड़े में और मार्शल आर्ट में दिखा रहे हैं। जब यह नौजवान प्रदर्शन करते हैं तो लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। इस दशहरा पर श्रेष्ठ प्रतिमाएं ,उत्कृष्ट झांकियां, मार्शल आर्ट और अखाड़ों की प्रस्तुति ने लोगों का दिल जीत लिया। इन्हें देखने के लिए शहर में जगह कम पड़ गई थी और आज कांग्रेस को उन्हें सम्मानित करते हुए हर्ष महसूस हो रहा है। इस आयोजन में प्रथम पुरस्कार पुरव्याऊ काली कमेटी एवं द्वितीय पुरस्कार भैया जी वैघ वाली काली कमेटी को तथा तृतीय पुरस्कार महाकाली कमेटी मछरयाई को दिया गया। विशेष पुरस्कारों में श्री सिद्ध दुर्गा धाम काली कमेटी वललभ नगर एवं 1008 सरस्वती वीणा वादिनी काली कमेटी दयानंद वार्ड ,बगीचा वाली काली कमेटी सदर सिद्धेश्वर काली कमेटी केशव गंज वार्ड सागर को मिला एवं श्रेष्ठ झांकियां में प्रथम संकट मोचन सदर द्वितीय सराफा काली कमेटी तृतीय महाकाली की झांकी का प्रदर्शन रहा।




## सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना को लेकर व्यापारियों व मंडी सचिवों की बैठक संपन्न

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के सफल संचालन हेतु जिले की समस्त कृषि उपज मंडियों के सचिवों एवं व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने की। अपर कलेक्टर रावत द्वारा जिले के कृषि उपज मंडी व्यापारीयो एवं विभागीय अमले को शासन से प्राप्त दिशा निर्देशो के अनुरूप समस्त व्यपारियों की सहभागीता सुनिश्चीत करते हुऐ अधिक से अधिक दामो पर कृषको का उत्पाद क्रय करने तथा व्यपारीयो की समस्याओ का समाधान करते हुऐ योजना की विस्तार से जानकारी उपब्लध कराई गई । राजेश त्रिपाठी द्वारा कृषि मंडी सचिव एवं व्यपारीयो से परिचर्चा कर भावनांतर योजना के बारे में बताया गया कि म.प्र शासन द्वारा चलाई जा रही है जिसका अपने क्षेत्रो मे प्रचार-प्रसार करते हुऐ अधिक से अधिक कृषको को जोडंने का कार्य करते हुऐ उनका पंजीयन ई उपार्जन पोंटल पर कराते हुऐ लाभ प्रदान करने का कार्य करेंगे।भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी पंजीकृत कृषक पुर्व की तरह ही 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 कृषि उपज मंड़ी प्रांगण मे की जावेगी। इस योजना अंतर्गत कृषको को भारत सरकार द्वारा निंधारित न्युन्तम सर्मथन मुल्य और मंडी का मॉडल भाव बीच के अंतर की राशि सीधे भुगतान उनके खाते मे किया जावेगा। जिले के समस्त मंडी सचिव यह सुश्निचत करे की व्यपारीयो द्वारा भावंतर अविधि मे सोयाबीन खरीदी के समय सम्पुर्ण प्रक्रिया की निगरानी करे तथा कृषको को उनकी उपज का सही दाम प्राप्त हो ।

# भारतीयों में राष्ट्रभक्ति, सेवा, समरसता हो यह संघ का संकल्पः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जब भारत राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ मय हो जाएगा तब संघ का कार्य पूरा होगा। भारतीयों में राष्ट्र भक्ति की भावना और सेवा की भावना को बढ़ाता है। आज के समय में राष्ट्र भक्ति का राष्ट्र से सेवा का सबसे अच्छा माध्यम है कि हम स्वदेशी को अपनाए। यह उद्गार भाजपा युवा नेता अविराज सिंह ने 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विराट पथ संचलन की तैयारियों हेतु विधायक कार्यालय में पदाधिकारियों और युवा साथियों की बैठक में व्यक्त किए।



बैठक में संबोधित करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि संघ हमें संदेश देता है कि भारत पर और हिन्दू धर्म पर हमें गर्व करना चाहिए। भारत ने विश्व को ज्ञान दिया है जब पूरा विश्व चलना सीख रहा था तब हम दौड़ रहे थे। हमें गर्व होना चाहिए कि हम भारतीय हैं और हम हिन्दू हैं। राष्ट्र की सेवा के अनेक माध्यम है पर सबसे बड़ा सेवा का कार्य जो संघ भारतीयों में राष्ट्र भक्ति की भावना को बढ़ाता है।उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले हम बाजार में गए थे। मार्केट में गए, हमने जी एस टी 2.0 के बारे में बात की। हमने स्वदेशी के बारे में बात की तो परम पूज्य सर संघचालक जी ने भी हमें यही संदेश दिया है हमें स्वदेशी को अपनाना है। जब स्वतंत्रता आन्दोलन चल रहा था तो स्वदेशी आन्दोलन के माध्यम से ही भारत के सभी महापुरूषों ने कहा था कि आत्मनिर्भरता स्वदेशी ही एक विकसित भारत का आधार है तो संघ भी इसी बात को कहता है। संघ मानता है कि हमें स्वदेशी को अपनाना है और फिर चाहे कोई भी सेवा का कार्य हो चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो चाहे आदिवासी कल्याण हो, आपदाओं के दौरान राहत हो, महिलासशक्तिकरण हो, सामाजिक बुराईयो के बीच संघर्ष हो, इसमे साल दर साल मिल कर ही हम आगे बढ़ रहे हैं। जातिवाद का भारत में अंत हो रहा है तो इससे बढ़ा सेवा का कार्य भारत में नहीं हो सकता। अविराज सिंह ने कहा कि संघ का हमेशा से मानना रहा है एक घंटे आत्म विकास और 23 घंटे समाज विकास, यह हमारी सोच रही है। हमने पंच परिवर्तन का संकल्प किया है। इस संकल्प में नागरिक कर्तव्य हैं, स्वर का बोध है, पर्यावरण संरक्षण है, सामाजिक समरसता है, कुटुम्ब प्रबोधन है, यह हमारे पांच संकल्प है और इन पांचों संकल्प को हमें शताब्दी वर्ष में ही पूरा करना है तो इसलिए हम सभी को यह मिलके प्रयास करना हैं।

## प्रमाण-पत्र वितरण के साथ युवाओं को आत्मविश्वास और रोजगार की राह दिखाई

# शासकीय संभागीय आईटीआई, सागर में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार शासकीय संभागीय आईटीआई, सागर में "कौशल दीक्षांत समारोह" का आयोजन बड़े हर्ष और उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन देशभर में एक साथ आयोजित किए जा रहे कौशल दीक्षांत समारोह का हिस्सा रहा, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को उनके कौशल प्रमाणपत्र प्रदान कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना है।

संस्था प्राचार्य अशोक डागौर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में सभी प्रशिक्षणार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें कौशल को रोजगार और स्वरोजगार में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, क्योंकि यह प्रमाणपत्र केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, परिश्रम और सफलता का प्रतीक है।इस अवसर पर



दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय दीक्षांत समारोह का सीधा प्रसारण संस्था परिसर में किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भारत के युवा कौशल के माध्यम से न केवल अपने जीवन को बदल सकते हैं, बल्कि देश को "विकसित भारत" बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। प्रधानमंत्री जी ने कौशल, नवाचार और आत्मनिर्भरता को युवाओं की शक्ति बताते हुए उन्हें उद्योग जगत की नई आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सभी सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षुओं के साथ उनके अभिभावक भी इस गौरवशाली क्षण के साक्षी बने और अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक लखन अहिरवार प्रशिक्षण अधिकारी राकेश, तथा सभी प्रशिक्षण अधिकारी एवं कार्यालयीन स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

संस्था प्राचार्य अशोक डागौर ने इस अवसर पर बताया कि शासकीय संभागीय आईटीआई, सागर सदैव अपने प्रशिक्षणार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में संस्था उद्योगों से साझेदारी के माध्यम से और अधिक रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिससे विद्यार्थी सीधे उद्योगों से जुड़कर अपने कौशल को और अधिक सशक्त बना सकें। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी विजय यादव द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन लखन अहिरवार ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस प्रकार, शासकीय संभागीय आईटीआई, सागर में आयोजित यह कौशल दीक्षांत समारोह न केवल प्रशिक्षणार्थियों के जीवन का एक यादगार पल बना, बल्कि यह कौशल भारत मिशन की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध हुआ।



## पर्ल्स निवेशकों के हित में पहलः विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन से मिला प्रतिनिधिमंडल

**सागर।** सागर जिले के पर्ल्स निवेशकों का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन के धर्मश्री, सागर स्थित निवास पर पहुँचा। प्रतिनिधियों ने विधायक जैन को मांगपत्र सौंपकर आग्रह किया कि वे माननीय मुख्यमंत्री के माध्यम से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजें, ताकि मध्यप्रदेश में पर्ल्स कम्पनी की जप्तशुदा संपत्तियों को नीलाम करने की अनुमति प्रदेश सरकार को मिल सके। मांगपत्र में उल्लेख किया गया कि नीलामी से प्राप्त धनराशि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित लोढ़ा कमेटी को उपलब्ध कराई जाए, जिससे मध्यप्रदेश के पर्ल्स निवेशकों को भुगतान में प्राथमिकता दी जा सके। विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने निवेशकों की भावनाओं को गंभीरता से लेते हुए तदाशय का पत्र मुख्यमंत्री को लिखने और उनसे इस विषय पर चर्चा करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पर्ल्स निवेशकों के भुगतान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी निवेशकों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

### बारिश के साथ चली तेज हवा ने धान को पहुंचाया नुकसान

# खेतों में आड़ी गिरी धान की फसल किसान बोले बर्बाद हो गए साहब

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर सहित जिलेभर में रविवार की शाम को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला। अचानक से तेज बारिश होना शुरू हो गई। साथ में तेज हवाएं भी चलने लगी। बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने कई खेतों में खडी धान की फसल को आडी गिरा दी। जिन किसानों की धान की फसल में दाना पड गया है,उन किसानों की आडे गिरी धान का अब उठना मुश्किल लग रहा है। हालांकि कृषि विभाग के अधिकारी धान की फसल में नुकसान होने की बात तो कह रहे है,लेकिन नुकसान कितना हुआ है,इस बारे में सर्वे रिपोर्ट आने के बाद ही नुकसान सही आंकलन लगने की बात बता रहे है। उधर क्षेत्र के किसान धान की फसल में भारी नुकसान बताते हुए दुखी मन से कह रहे है कि साहब हम तो बर्बाद हो गए है।

जिले में इस बार अच्छी बारिश के चलते 1 लाख 4 हेक्टेयर में धान की फसल किसानों के द्वारा बोई गई है। फिलहाल धान की फसल अच्छी बताई जा रही थी, लेकिन धान की फसल में पानी की जरूरत महसूस की जा रही थी,इसलिए क्षेत्र के किसान सिंचाई के लिए चंबल नहर में पानी छोडने की मांग उठा रहे थे,लेकिन इसी बीच रविवार की शाम को अचानक मौसम ने पलटा खा लिया और चारो तरफ अंधेरा छाकर तेज बारिश होना शुरू हो गई है। बारिश का दौर काफी देर तक चला,लेकिन बारिश के चली तेज हवाओं ने श्योपुर तहसील और बडौदा तहसील क्षेत्र के खेतों में खडी धान की फसल को आडा गिरा दिया है। जिसके चलते सोमवार की सुबह जब किसान उनके खेतों में पहुंचे तो उन्हें धान की फसल आडी गिरी हुई नजर आई। जिसे देखकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे खींच गई। सोंई क्षेत्र के किसानों ने बताया कि बारिश के साथ चली तेज हवाओं से धान की फसल आडी गिर गई। इससे धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। मौसम के इस कहर से किसान एक बार फिर बर्बाद हो गए है। उधर चंद्रपुरा क्षेत्र के किसानों ने बताया कि धान की फसल को पानी की जरूरत थी, मगर बारिश के साथ चली हवाओं ने धान की फसल को पूरी तरह आडी गिरा दी। अब इसे काटना मुश्किल हो जाएगा।



#### इस बार लक्ष्य से अधिक हुई धान की बोवनी

यूं तो कृषि विभाग के द्वारा इस साल जिले में धान की फसल के लिए 88 हजार हेक्टेयर में धान की बोवनी का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन इस साल बारिश अच्छी होने के चलते किसानों ने 1 लाख 4 हजार हेक्टेयर में धान की फसल की बोवनी कर दी। यही वजह है कि इन दिनों जिले के ज्यादातर किसानों के खेतों में धान की फसल ही लहलहाती नजर आती है। लेकिन रविवार की देर शाम को हुई बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने लहलहाती धान की फसल को आडी गिराकर किसानों की खुशियों पर नुकसान का ग्रहण लगा दिया है।

#### श्योपुर तहसील क्षेत्र में हुई सबसे अधिक बारिश

रविवार की रात को शहर समेत जिलेभर में 11.80 एमएम औसत बारिश हुई है। इस दौरान सबसे अधिक बारिश जिले की श्योपुर तहसील क्षेत्र में हुई है। अधीक्षक भू अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 8 बजे से सोमवार की सुबह 8 बजे तक श्योपुर तहसील क्षेत्र में 31 एमएम बारिश हुई है। जबकि बडौदा तहसील में 14 एमएम, कराहल तहसील में 09 एमएम तथा वीरपुर तहसील में 05 एमएम बारिश हुई है। जबकि विजयपुर तहसील में कोई बारिश नहीं हुई है।

#### किसान संगठन बोले सर्वे कराकर किसानों को दिया जाए मुआवजा

अभी तक चंबल नहर में पानी छुडवाए जाने की मांग उठा रहे जिले के किसान संगठनों से जुडे किसान नेता अब खेतों में आडी गिरी धान की फसल को देखकर प्रशासन से जल्द सर्वे शुरू कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग उठा रहे है। किसान संगठनों का कहना है कि बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने धान को नुकसान पहुंचकर किसानों को बर्बाद कर दिया है। ऐसे में प्रशासन जल्द ही सर्वे शुरू कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की कार्रवाई करें।

#### इनका कहना है...

बारिश के साथ चली तेज हवा से धान की फसल आधी से ज्यादा बर्बाद हो गई है। अभी तक एक बीघा में 30 मन धान की पैदावार होने की उम्मीद थी,लेकिन अब धान की फसल के आडी गिर जाने से 12 से 15 मन वीघा धान का नुकसान हो गया है।

**सोनू गर्ग**
**किसान सोंईकलां**

धान की फसल में काफी नुकसान हुआ है। प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग उठाएंगे कि दो दिन में नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों का मुआवजा और फसल बीमा का लाभ दिलवाया जाए। मूंग की फसल में हुए नुकसान का मुआवजा भी अभी तक नहीं मिल सका है।

**नरेन्द्र सिंह चौधरी**
**जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ श्योपुर**

जिले में 1 लाख 4 हजार हेक्टेयर में धान की पैदावार हो रही है। रविवार की देर शाम को बारिश के साथ चली तेज हवाओं से धान की फसल को नुकसान तो हुआ है,लेकिन नुकसान कितना हुआ है,इस बारे मे सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद बताना संभव होगा,फिलहाल मैदानी अमले को खेतों में धान में हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दे दिए है।

**मुनेश शाक्य**
**प्रभारी उप संचालक कृषि विभाग श्योपुर**

### बसपा ने नारेबाजी करते हुए सौंपा ज्ञापन

## डॉ भीमराव अंबेडकर पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर लगे रासुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र टिप्पणी करने वाले ग्वालियर के व्यक्ति पर रासुका लगाए जाने की मांग को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने सोमवार को राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्वालियर का एक अधिवक्ता अनिल मिश्रा के द्वारा बाबा साहब डॉ अंबेडकर के विरुद्ध बहुत ही निंदनीय, अमर्यादित एवं भड़काऊ वक्तव्य दिया गया है जिससे देश व दुनियां के सभी अंबेडकवादी तथा संविधान प्रेमी लोगों की आस्था को ठेष पहुंची है।बाबा साहब डॉ. अबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न, स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री होकर सच्चे राष्ट्र भक्त है। राष्ट्र के निर्माण में बाबा साहब का योगदान किसी भी राष्ट्रभक्त से अत्यधिक ही है। भारत देश में डॉ. अंबेडकर करोड़ों दलित, पिछड़े, गरीब, महिला एवं वंचित समाज के लिए मसीहा ही नहीं भगवान हैं। उस महान आत्मा पर अधिवक्ता अनिल मिश्रा ने जो टिप्पणी की है, उसे लेकर देश उन्हें कभी माफ नहीं कर सकता है। उसका यह कृत निश्चित ही हमारे देश के प्रति किसी गहरी साजिश का अंदेशा लगता है। ऐसा लगता है कि अनिल मिश्रा जैसे जातिवादी लोगों के माध्यम से विदेशी शक्तियां भारत देश में सांप्रदायिकता भड़का कर देश को तोड़ना चाहती हैं। इसके पहले की मध्य प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़े, इन पर दण्डनीय कार्यवाही होना बहुत आवश्यक है। बहुजन समाज पार्टी ने अनिल मिश्रा के विरुद्ध राष्ट्र द्रोह, सहित एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान संभागीय प्रभारी महेंद्र बोध, जिलाध्यक्ष गंगाधर जाटव, काशीराम सेंगर, एड जलील कुरैशी, धनपाल जाटव, महावीर कुमार आदि मौजूद रहे

## एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष ने ली कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



सोशल डेमोक्रेट ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की जिला कार्यकारिणी बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित एक मैरिज गार्डन में आयोजित हुई जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विदयाराज मालवीय ने उपस्थित होकर पार्टी पदाधिकारियों को संगठन के विस्तार की समझाइश दी।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मालवीय ने कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्यों से सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने की अपील की उन्होंने कहा कि वही पार्टी देश पर राज करेगी जिसके युवा मजबूत दृढ़ इच्छा शक्ति वाले होंगे। हमारे पास ऐसे राष्ट्रवादी मजबूत युवाओं की कमी नहीं है लेकिन पार्टी का विस्तार बहुत जरूरी है। अभी हम उन संगठनों के मुकाबले सदस्यता के मामले में बहुत बोने दिखाई पड़ते हैं जो देश में सत्ता हासिल करने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सत्ता हासिल करने के लिए नहीं बल्कि लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और इस संघर्ष में हर भारतवासी हमारे साथ आना तो चाहता है लेकिन उनके पास तक हमें जाने की जरूरत है और यह जरूर तब पूरी होगी जब संगठन का विस्तार उस स्तर का होगा जिस स्तर के होने की जरूरत है। इस दौरान हाजी अब्दुल समद अंसारी मुख्तियार,राजू, नवाब, मतीन, गोलू, इक़बाल, शौकीन मेव, ज़ाहिद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 85 प्रतिशत से अधिक निराकरण का लक्ष्य लेकर चलें:आनंद




श्योपुर।सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन में निराकरण का प्रतिशत 85 से अधिक लेकर चलें, गत माह जिले की रैकिंग 19वी रही थी, इस माह टॉप-10 के लक्ष्य के साथ संतोषजनक रूप से शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जायें। यह निर्देश जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने सोमवार को समय सीमा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों में एल-1 अधिकारी द्वारा शिकायतों को तत्काल अटेन्ड किया जायें, सभी विभाग इस माह की रैकिंग आने से पूर्व 85 प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के लक्ष्य के साथ कार्य करें। अधिकारी कलस्टर लेबल पर निराकरण की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें तथा मैदानी अमले से संतुष्टिपूर्वक निराकरण करायें। उन्होने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिये कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत लोक सेवाओं के प्रदान करने में समय सीमा से बाहर हुए प्रकरणों के मामलो में जुर्माने के प्रस्ताव बनाकर भेजे जायें। पंचायत सचिवों से संबंधित लोक सेवाओं के प्रदान करने के मामलो में प्रथम अपीलीय अधिकारी के रूप में सीईओ जनपद द्वारा जुर्माने के प्रस्ताव भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। 31 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता अभियान के क्रम में स्वच्छता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जायें।

## राष्ट्र के पुनर्निर्माण के संकल्प को लेकर कार्य कर रहे अभाविप के कार्यकर्ता: चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जिला श्योपुर का दो दिवसीय जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग यहां शहर में एक होटल में आयोजित हुआ। इस अभ्यास वर्ग में जिले की विभिन्न इकाईयों से 115 कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं की कार्य करने की क्षमता बढाने के मकसद से आयोजित इस अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करने के लिए मध्यभारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए जहां संगठन का विस्तार से उल्लेख किया,वहीं संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्हांने कहा कि अभाविप के कार्यकर्ता दायित्व के मुंह से नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण के संकल्प को लेकर संगठन का कार्य निरंतर कर रहे है। इस अभ्यास वर्ग में अभाविप के जिला संयोजक गणेश शर्मा सहित सभी अन्य आपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद थे।



## वसूलीकांड की एसडीओपी करेंगे जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के खातौली रोड पर सामने आए ट्रैक्टर चालकों से वसूली मामले में भलेही देहात थाना पुलिस ने एक आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर ली है,लेकिन इस मामले में नकली के साथ असली पुलिस के भी शामिल होने के आरोप लग रहे है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की सच्चाई का पता करने के लिए इस पूरे मामले की जांच एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता सौंप दी है। साथही यह निर्देश भी दे दिए कि इस मामले की जांच रिपोर्ट जल्द कंपलीट करके सौंपी जाए। एसपी श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में यदि किसी पुलिसकर्मी की संलिप्तता मिलेगी, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## दुआ में उठे हजारों हाथ मांगी,अमन चैन की दुआ, तबलीगी इज्तिमा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



तबलीगी जमात का दो दिवसीय इज्तिमा सोमवार की रात ईशा की नमाज के बाद दुआ के साथ खत्म हो गया। तबलीग जमात से जुड़े लोगों का दावा था कि 10 हज़ार से अधिक लोग एकत्रित हुए, जिन्होंने मुल्क में अमन शांति और खुशहाली के लिए दुआ की।

दो दिवसीय इज्तिमा का पहले दिन (रविवार को) बारिश के आने की वजह से व्यवस्थित रहा हालांकि इज्तिमा शाम 5:00 बजे से शुरू होना था जिसमें जिले के विभिन्न गांव और मोहल्ले से जमात पहुंच भी गई थी लेकिन पानी आने की वजह से कार्यक्रम नहीं हो सका अलबत्ता असर, मगरिब और ईशा की नमाज लगाए गए तंबू में ही अदा की गई। सोमवार की सुबह करीब 5 बजे फजर की नमाज अदा करने के बाद इबादत का सिलसिला शुरू हुआ जो पांच वक्त की नमाज पूरी होने पर रात 9 बजे संपन्न हुआ। सबसे अंत में दुआ ए खेर (शांति उन्नति के लिए प्रार्थना) की गई। यहां से विभिन्न शहरों के लिए जमाते तैयार की गई जो निर्धारित शहरों गांवों में पहुंचकर मुसलमानों के बीच धर्म प्रचार करेंगी। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं ने इज्तिमा में आने वालों के लिए खाने, नाश्ते, चाय, कॉफी के स्टॉल लगाए थे। जिला अस्पताल प्रबंधन ने आयोजकों की मांग पर स्वास्थ्य कैंप भी लगाया था।

## मानपुर थाना प्रभारी और आरक्षक पर कार्रवाई करने एसपी के नाम सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मानपुर थाना प्रभारी और आरक्षक पर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा सहित अन्य कई युवाओं ने एफआईआर दर्ज कराने गए फरियादी युवक को कमरे में बंद कर पटटे से पीटने का आरोप लगाया है और उन पर कार्रवाई किए जाने के लिए एसपी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए एएसपी प्रवीण भूरिया को आवेदन सौंपा है।

एसपी ऑफिस के बाहर धरना देने और नारेबाजी करने के बाद एसपी के नाम दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि महेश मीणा मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए 4 अक्टूबर को मानपुर थाने गया था,जहां रिपोर्ट पुलिस ने उसकी रिपोर्ट लिखने से मना कर दिया और जिसका वीडियो बनाने पर मानपुर थाना प्रभारी पप्पू सिंह यादव और आरक्षक कुषनपाल जाट ने उसे कमरे में बंद करके उसकी पट्टे से मारपीट कर दी गई है। मारपीट के निशान महेश के शरीर पर मौजूद है। इस मामले में मानपुर थाना प्रभारी और आरक्षक पर कार्रवाई करते हुए उन्हें थाने से हटाया जाए। आवेदन सौपने के दौरान राधेश्याम मूंडला, राममिलन सोईकलां, अभिषेक मीणा,मुकेश हिरनीखेडा सहित अन्य कई युवा मौजूद थे।

#### इनका कहना है...

महेश मारपीट का आरोपी है,जो थाने के अंदर आकर नियम विरूद्ध तरीके से वीडियो बना रहा था,जिसे इस तरह वीडियो न बनाने की समझाइश दी गई। उसके साथ कोई मारपीट नहीं की गई। महेश के द्वारा माफीनामा भी लिखकर दिया गया।

**पप्पू सिंह यादव**
**थाना प्रभारी मानपुर**

### भगवान भरोसे एकीकृत बस स्टैंड, यात्रियों को सुविधा न बसों का संचालन नियंत्रण में

# निर्धारित रूट से बसें नहीं चलाने से बड़ौदा और पाली रोड पर बन रही जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के एकीकृत बस स्टैंड के बाहर से पाली रोड पुराना बस स्टैंड तक ओर वहां से बड़ौदा रोड कबीर आश्रम के पास तक हमेशा जाम की स्थिति निर्मित होती रहती हैं। यह स्थिति बड़ौदा खातौली की ओर जाने वाली बसों को इस्लामपुरा बायपास से होकर ले जाने के बजाए प्रतिबंधित क्षेत्र मैन बाजार (पाली रोड एवं बड़ौदा रोड) से होकर निकाले जाने के कारण निर्मित हो रही हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि बस स्टैंड का संधारण करने वाली एजेंसी नगरपालिका अथवा यातायात की व्यवस्था संभालने वाली एजेंसी ट्रैफिक पुलिस भी इस मामले को लेकर कतई गंभीर दिखाई नहीं पड़ती जिसके चलते इस रूट पर रोज जाम लगता है।

सोमवार को भी ऐसा जाम लगा कि आधा घंटे तक लोग फंसे रहे। एकीकृत बस स्टैंड के पीछे इस्लामपुरा बस्ती से आर्य समाज भवन के पास तक नगरपालिका ने बायपास रोड बनाया हैं। बड़ौदा एवं खातौली मार्ग की सभी बसों को इस मार्ग से आने-जाने की सहूलियत के साथ बाज़ार में पाली रोड से बड़ौदा रोड होते हुए बसों को लाने ले जाने पर प्रतिबंध है ताकि लोगों को जाम जैसी स्थिति से दोचार न होना पड़े। लेकिन बस संचालक सवारियां ढोने के लालच में बस को बायपास के बजाए मैन बाजार से निकलवा रहे हैं। इससे बाजार में जाम की स्थिति लगातार निर्मित हो रही हैं। बसों के अवैध रूप से बाजार में प्रवेश करने से इस बाजार में हमेशा जाम की स्थिति निर्मित होती ही रही है सोमवार को भी ऐसा ही नज़ारा तब देखने को मिला जब एक यात्री बस पाली रोड माधव मंडपम के सामने फंस गई जिससे आधा घंटे तक जाम लगा रहा। आश्चर्य की बात यह है कि, यातायात व्यवस्था का बनाए रखने के लिए जिम्मेदार अमला सिर्फ बैरीकेट्स लगाकर बाइक चालकों से हेलमेट नहीं लगाने पर चालान वसूली ही कर रहा हैं।



#### बस स्टैंड के भीतर भी नहीं सुविधाएं

सरकार ने शहर में सर्वसुविधायुक्त एकीकृत बस स्टैंड बनाया है, लेकिन बस संचालकों द्वारा फैलाई जा रही अव्यवस्था से यात्रियों का पैदल आना-जाना भी दूभर हो गया है। एक ही समय में रास्ते में इतनी बसें खड़ी कर देते हैं कि इस रास्ते से दूसरे वाहन तो क्या पैदल राहगीरों का निकलना भी मुश्किल हैं। हालांकि बस स्टैंड पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस चौकी खोली गई हैं, लेकिन इस चौकी पर हमेशा ताला डला रहता हैं। बसों को नियंत्रण के लिए भी कोई ट्रैफिककर्मी दिखाई नहीं देता। बस स्टैंड की हालत यह है कि टिकट खिड़की के पास यात्रियों के बैठने केलिए कुर्सियां लगाई गई थीं। आज वहां एक भी कुर्सी नहीं है। टीन शेड के अंदर हॉकर्स ने कब्जा कर रखा है। देखरेख की अभाव में शहर का यह बस स्टैंड बदहाल होता जा रहा है, लेकिन इस और जिम्मेदार अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है।

#### इनका कहना है...

एकीकृत बस स्टैंड के भीतर कुछ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर अव्यवस्था फैलाई जा रही है, पहले भी हमने उनके खिलाफ अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की है और भी की जाएगी बसों के संचालन के लिए यातायात विभाग को कार्रवाई करने चाहिए यह अधिकार उन्हें ही है।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

## विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के जिलाध्यक्ष बने सुरेश

श्योपुर। विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के श्योपुर जिलाध्यक्ष अब सुरेश बंजारा बन गए है। उनकी यह नियुक्ति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा की गई है।इस पर उनके समाजीय लोगो में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद सुरेश बंजारा ने भोपाल में आयोजित विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ के कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि वे उनके द्वारा सौपी गई इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेगे।



## खबर संक्षेप

### जिले में अभी तक 1426.74 मिमी औसत बारिश दर्ज

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में 01 जून 2025 से अभी तक 1426.74 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 1243.36 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1291.84 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अभी तक शिवपुरी में 1358.30 मि.मी., बैराड़ में 1380 मि.मी., पोहरी में 1483 मि.मी., नरवर में 1785 मि.मी., करैरा में 1454.40 मि.मी., पिछोर में 1117 मि.मी., कोलारस में 1451.50 मि.मी., बदरवास में 1576.50 मि.मी. तथा खनियाधाना में 1235 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

### गंगा आरती और भजन संध्या का आयोजन आज

**बीना।** मां मोतीचूर जल एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर आज शाम 8 बजे बड़ा मंदिर स्थित मां मोतीचूर घाट पर मां मोतीचूर गंगा आरती, चुनरी भेंट, दीपदान एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र वासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### विंध्याचल एक्सप्रेस का माधवनगर स्टेशन पर 4 दिन रहेगा ठहराव

**बीना।** रेल प्रशासन ने सतगुरु बाबा नारायण शाहजी की बरसी के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जबलपुर मंडल के निवार-कटनी रेलखंड के माधव नगर स्टेशन पर 11271/11272 इटारसी-भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस का एक मिनट का अस्थाई ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि उक्त ट्रेन के ठहराव कि जानकारी रेलवे की आधिकारिक पूछताछ सेवा, एनटीईएस, रेल मदद 139 से प्राप्त कर यात्रा का लाभ लें।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना से मिली नई उड़ान




**शिवपुरी।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के माध्यम से शिवपुरी के युवा उद्यमी महेन्द्र सिंह भाटी ने न केवल अपने सपनों को साकार किया, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी सशक्त किया है। साधारण शुरुआत से उन्होंने आज एक स्थायी एवं सफल व्यवसाय खड़ा किया है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। रामबाग कॉलोनी, शिवपुरी निवासी महेन्द्र सिंह भाटी ने इस योजना का लाभ लेकर नमकीन उत्पादन इकाई की स्थापना की। प्रारंभ में सीमित संसाधनों से शुरू हुई यह इकाई आज स्थानीय बाजार में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। उनकी इकाई से प्रतिदिन 3 से 4 मजदूरों को नियमित रोजगार मिल रहा है, जिससे न केवल उनकी स्वयं की आय बढ़ी है, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

---

### विधायक ने मांगों का ज्ञापन सौंपा, हाथ जोड़कर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग

# रेल महाप्रबंधक ने स्टेशन का निरीक्षण में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर जोन की रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने बीना गुना रेल खंड का निरीक्षण करने के दौरान अशोकनगर स्टेशन का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान विधायक हरीबाबू राय ने उन्हें मांगों का ज्ञापन सौंपा और रेलवे द्वारा कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए किए गए भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की। इस दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर रेल महाप्रबंधक से सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की।

रेल महाप्रबंधक ने अशोकनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह बीना गुना सेक्सन का निरीक्षण करने आई हैं यह खण्ड मैन लाईन से हटकर है आना कम होता है। इसलिए संरक्षा और स्टेशन पर सुविधाएं किस स्तर पर हैं इसका वह निरीक्षण कर रही हैं। इस दौरान उन्हें बताया गया कि अशोकनगर स्टेशन पर सफाई की कमी है और महिलाओं के लिए सुलभ कॉम्पलेक्स की सुविधा भी नही हैं तथा प्लेट फार्म क्रमांक 3 के बाहर शहर की आधी आवादी रहती है वहां कोई सुविधा नहीं है इस कारण यात्री आने जाने में परेशान होते हैं। इसके अलावा कोरोना काल में जितनी ट्रेने बंद थी उन ट्रेनों को चालू करने पर कहा कि यह बात सही है कि कोरोना काल में कुछ ट्रेने बंद कर दी गईं थी उनके स्थान पर कुछ ट्रेने चालू की गई हैं। ट्रेफिक और मांग को देखते हुए कुछ ट्रेने चला दी गई है और उनकी मांगों का ख्याल भी रखा जा रहा है। इस दौरान विधायक हरीबाबू राय ने उन्हें बताया कि अशोकनगर स्टेशन पर कोरोना काल से पहले जो निर्माण कार्य हुए थे वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं। किसी भी कार्य का नामुनिशान नहीं बचा है। रेलवे के करोड़ों रूपए बेकार चले गए इनकी जांच होनी चाहिए। मैने शिकायत भी की है। मेरे द्वारा पूर्व में निर्माण कार्यों की जांच की गई थी तब घटिया काम रूकवाया गया था। मैं भी इंजीनियर रहा हूं लेकिन मैने कभी ऐसे काम नहीं देखे उन्होंने रेल महाप्रबधंक से हाथ जोड़कर प्रार्थना की। घटिया निर्माण कार्य न हो। अमृत भारत योजना के अंतर्गत जो कार्य हो रहे हैं उन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। नपा में पार्षद और प्रतिपक्ष के नेता रीतेश जैन ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली भोपाल और ग्वालियर के लिए कोई ट्रेनों की सुविधा नहीं है।

इन्दौर जबलपुर ट्रेन को बंद कर दिया गया है और उज्जैन देहरादून एक्सप्रेस की सुविधा यहां से छीन ली गई है। जनप्रतिनिधियों से मिलने के बाद उन्होंने अशोकनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होने उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। यह कई जगह पानी की समस्या को भी सुनना पड़ा। उन्होंने अमृत भारत योजना 2 के अंतर्गत नए भवन के निर्माण का जायजा भी लिया। उन्होंने भवन के निर्माण को लेकर मौजूदा अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि निर्माण कार्य जो भी किए जा रहे हैं वह सभी क्वालिटी को देखकर किए जाए। उन्होंने अशोकनगर स्टेशन के बाहर सरक्युलेट एरिया का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायत को लेकर भी साफ सफाई करने और महिलाओं के सुलभ कॉम्पलेक्स की सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।



### अशोकनगर स्टेशन पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की गई मांग

1. प्लेटफार्म क्रमांक 9 पर शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे सभी यात्री विशेषकर महिलाएं अत्यधिक परेशान होती हैं। अधिकारी निर्माण कार्य का हवाला देकर सुविधाओं देने से बचते हैं। जबकि ऐसी मौलिक सुविधा की वैकल्पिक व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।
2. प्लेटफार्म क्रमांक 2/3 पर शौचालय का कोई प्रबंध नहीं है, जबकि आधी ट्रेनों का स्टॉपेज और बोर्डिंग वहीं से है।
3. इसी तरह तीनों प्लेटफार्म पर पेयजल व्यवस्था का भी अच्छा खासा अभाव है। जो प्याऊ लगे हैं उनमे पानी नियमित रूप से नहीं आता ।
4. प्लेटफार्म पर टीन शेड को तो बढ़ा दिया गया लेकिन बैठने हेतु बेंच का पर्याप्त और उचित प्रबंध नहीं किया गया।
5. स्टेशन के ईसागढ़ रोड वाली दूसरी साइड रोड वाली लगभग शहर की आधी आबादी रहती है और ग्रामीण क्षेत्र के लोग उसी साइड से आते हैं। लेकिन वहां पर टिकट खिड़की की कोई व्यवस्था नहीं है।
6. योजना के अंतर्गत जिलेवासियों को कुछ नया देखने के लिए मात्र एक नवीन बिल्डिंग बनायीं गयी है, वो भी तकनीक और उपयोगिता की दृष्टि से अपर्याप्त और संकीर्ण हैं। आग्रह है कृपया एक बार उसका मुआयना जरूर करें।

#### ट्रेन सुविधाओं की मांग को लेकर सौंपा गया ज्ञापन

1संभागीय मुख्यालय ग्वालियर के लिए रात में सीधी ट्रेन है लेकिन उसकी उपयोगिता नहीं है। ग्वालियर हमारा संभागीय मुख्यालय है और हाई कोर्ट भी यहीं है और हमारे सांसद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी यहीं से हैं। हर शासकीय कार्य के लिए शासकीय अधिकारी कर्मचारी, व्यापारी और न्याय हेतु पीड़ितों को नियमित रूप से ग्वालियर आना जाना पड़ता है।

2. इन्दौर के लिए भी कोई सीधी ट्रेन नहीं है अशोकनगर महिलाओं की मांग पर जो इन्दौर जबलपुर ट्रेन चलाई गई थी उसे भी बंद कर दिया गया है। इसलिए इन्दौर के लिए एक नई ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

3. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए भी कोई सीधी ट्रेन नहीं है। पूर्व में उज्जैन-देहरादून एक्सप्रेस 14309/14310 अशोकनगर से बीना होते हुए दिल्ली को सीधे जोड़ती थी लेकिन कोरोना काल में इसे गुना शिवपुरी से डाइवर्ट कर दिया गया। अब दिल्ली के लिए सभी को बीना जंक्शन अथवा गुना जंक्शन से दिल्ली जाना पड़ता है।

---

### घरों के आगे सजाईं रंगोलियां

## आरएसएस के पथ संचलन का कई जगह पुष्पवर्षा से स्वागत



**अशोकनगर।** बहादुरपुर कस्बे में रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। जो नया बाजार स्थित अरोरा जी के बाड़े से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से होता हुआ जैन मंदिर गली, माता मोहल्ला, ढोंगा मोहल्ला, खेरखाड़ी मार्ग, रामलीला मैदान से वापिस बाड़े पर पहुंचा। जहां संचलन का समापन हुआ।

इससे पहले बौद्धिक हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में गुना विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल उपस्थित रहे। अग्रवाल ने शस्त्र पूजन करने के बाद स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्राचीन भारतीय संस्कृति के अनुकरण की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में विद्यालयों के स्थान पर गुरुकुल प्रचलित थे। जिनमें शास्त्रों के साथ शस्त्र विद्या भी सिखाई जाती थी। क्योंकि शस्त्र के बिना शास्त्र का ज्ञान अधूरा है। उन्होंने कहा कि हम सब यहां विजयादशमी के अवसर पर होने वाले शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन के लिए एकत्रित हुए हैं, विजयादशमी विजय की आकांक्षा का पर्व है। उन्होंने संघ की स्थापना से लेकर शताब्दी वर्ष की यात्रा के बारे में बताया और कहा कि वर्तमान समय में पंच परिवर्तन आवश्यक हैं। समाज में पंच परिवर्तनों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। जिनमें कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण सम्मिलित हैं। इसमें जिला सह संघ चालक भान सिंह यादव एवं बहादुरपुर मंडल पालक शिवकांत शर्मा भी उपस्थित रहे। पथ संचलन में मुंगावली खंड के बहादुरपुर मंडल के 19 में से 17 गांवों के स्वयंसेवक सम्मिलित हुए।

### ईसागढ़ में आरएसएस का शताब्दी समारोह, सैकड़ों स्वयंसेवकों के विशाल पथ संचलन से दिखा अनुशासन और उत्साह

**ईसागढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने विजयदशमी के अवसर पर नगर ईसागढ़ (हनुमानगढ़) में पथ संचलन निकाला। इस दौरान स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जिन्होंने पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरे। यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुआ, जिसे लेकर स्वयंसेवकों और आम जनता में विशेष जोश था।

**अनुशासन और देशभक्ति की झलकः** पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक पूरी तरह से अनुशासित और पंक्तिबद्ध दिखाई दिए। बैंड की धुन और श्भारत माता की जयश जैसे जोशीले नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। देशभक्ति के गीतों और उद्घोषों ने नगर में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। जिस मार्ग से पथ संचलन गुजरा, वहां के रहवासियों ने छतों, बालकनी और सड़क किनारे खड़े होकर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। कई जगहों पर लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वयंसेवकों का सम्मान और उत्साहवर्धन किया। यह दृश्य नगर के बीच राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को दर्शाता था। पथ संचलन मुख्य मार्ग से शुरू होकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरा, जिसमें चुंगी नाका, हनुमान चैराहा, पेट्रोल पंप, देशवारी मोहल्ला और तहसील के सामने से राव फिलिंग सेंटर जैसे प्रमुख स्थान शामिल थे। इसके बाद, बस स्टैंड, मेन मार्केट, तालाब पार और भटयारा, कटरा मोहल्ला से होते हुए यह पुरानी तहसील के पास बड़ी फील्ड में संपन्न हुआ। इस दौरान, सभी उम्र के लोगों ने इस भव्य आयोजन में भाग लिया और सराहना की।

---

## राधे राधे प्रभात फेरी मंडल ने कार्तिक शरद पूर्णिमा से प्रारंभ की तुलसी आरती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

राधे राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा कार्तिक शरद पूर्णिमा से तुलसी आरती प्रारंभ की गई। इस मौके पर सुबह 5 मां जागेश्वरी धाम से प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर भ्रमण करती हुई मां जागेश्वरी धाम पर पहुंची। इस मौके पर भक्तमाली ने तुलसी के महत्व पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस मास की व्याख्या करते हुए कहा है कि पौधों में तुलसी मुझे प्रिय है, मासों में कार्तिक मुझे प्रिय है। दिवसों में एकादशी और तीर्थों में द्वारका मेरे हृदय के निकट है। आंवले के फल व तुलसी-दल मिश्रित जल से स्नान करें तो गंगा स्नान के समान पुण्य लाभ होता हैं। कार्तिक मास में मनुष्य की सभी आवश्यकताएं जैसे- उत्तम स्वास्थ्य, पारिवारिक उन्नति, देव कृपा आदि का आध्यात्मिक समाधान बड़ी ही आसानी से हो जाता है।

कार्तिक माह में तुलसी पूजन करने तथा सेवन करने का विशेष महत्व बताया गया है। जो व्यक्ति यह चाहता है कि उसके घर में सदैव शुभ कर्म हो, सदैव सुख शांति का निवास रहे उसे तुलसी की आराधना अवश्य करनी चाहिए। जिस घर में शुभ कर्म होते हैं वहां तुलसी हरी-भरी रहती है एवं जहां अशुभ कर्म होते हैं वहां तुलसी कभी भी हरि-भरी नहीं रहती। वही प्रभु रूप नारायण, प्रभु रमन दीक्षित ने तुलसी जी की आरती की। इस मौके की पर विशेष रूप से राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के सदस्यों ने नगर की समस्त धर्म प्रेमी माता और बहनों से तुलसी आरती में शामिल होने की अपील की।

### आचार्य विद्यासागर महाराज की जन्म जयंती पर कवि सम्मेलन आज

**बीना।** इटावा बाजार जैन मंदिर में शरद पूर्णिमा को आचार्य विद्यासागर महाराज की जन्म जयंती पर आज रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।



अंशुल मिडला ने बताया कि कवि सम्मेलन विधा सुव्रत धाम समिति के द्वारा मुनि श्री सुब्रत सागर महाराज के सानिध्य में एवं राजेश सिंघई, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, उद्योगपति पुनीत समैया, एसडीएम विजय डेहरिया, एसडीओपी नितिन पटेल के आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कवि सम्मेलन में देश के ख्याति लब्ध कवि गण शिरकत करेंगे। जिनमें लाफ्टर फेम संजय पांडे यूपी, कवयित्री शिखा श्रीवास्तव लखनऊ, दिनेश देहाती गोंदिया, राम राहुल आगरा, राकेश राकेंदु जबलपुर, राकेश दांगी इंदौर अपनी कविताओं एवं रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। कवि सम्मेलन का संचालन कवि सुनील समैया करेंगे।

### गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की बेटियों ने फिर किया कमाल

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए 5 छात्राओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



69वीं संभाग स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता कबड्डी अंडर-14 वर्ष के लिए सागर संभाग की टीम का चयन हुआ है। जिसमें शहर के गोमती नंदन पब्लिक की 5 छात्राओं को टीम में शामिल किया गया है, जो शहर के लिए गौरव की बात है। जानकारी अनुसार 7 से 12 अक्टूबर तक खंडवा में होने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सागर संभाग की अंडर-14 टीम का चयन हुआ है। टीम में संभाग से अतिरिक्त खिलाड़ियों सहित 15 खिलाड़ियों की टीम का चयन हुआ है। इनमें सागर जिला से केवल गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की 5 छात्राओं का चयन हुआ है। जिसमें ऐतिशा अवस्थी, आध्या तोमर, वैष्णवी कुशवाहा, हर्षिता यादव एवं नंदिनी डांगी का चयन अंडर सागर संभाग की टीम में किया गया है। अब ये छात्राएं खंडवा में होने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगी।

गौरतलब है कि गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की पांच प्रतिभाशाली छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से एक बार फिर विद्यालय और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। विद्यालय के डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल, एवं शैक्षणिक निर्देशक संतोष कुमार रजक ने चयनित छात्राओं को बधाई दी। साथ ही इस सफलता का श्रेय छात्राओं की कड़ी मेहनत और उनके कोचों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। कोचिंग टीम के सदस्य कोमल पटेल, करतार सिंह यादव, गीतेश रैकवार एवं शिखा मिश्रा की सराहना करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

### पशु नस्ल सुधार, पोषण और स्वास्थ्य की दी जानकारी

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत पशुपालकों को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों से सीधे संपर्क स्थापित कर उन्हें पशु नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। अभियान के प्रथम चरण में ऐसे पशुपालकों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है जिनके पास 10 या अधिक गोवंशीय एवं भैंसबंसीय मादा पशु हैं। पशुपालन विभाग के ए.वी.एफ.ओ. एवं मैत्री गौसेवकों द्वारा घर-घर जाकर संपर्क स्थापित किया जा रहा है। उन्हें उन्नत नस्ल सुधार तकनीक, संतुलित पशु आहार एवं नियमित टीकाकरण जैसी प्रक्रियाओं के लाभों से अवगत कराया जा रहा है, जिससे पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित किया जा सके।

इसी क्रम में गतदिवस गो संवर्धन बोर्ड, भोपाल के रजिस्ट्रार एवं उपसंचालक भारत सुमन शर्मा द्वारा ग्राम चौमुहा तथा विकासखंड खनियाधाना के ग्राम इमलिया एवं ककरेला में पहुंचकर पशुपालकों से संवाद किया गया। उन्होंने पशुपालकों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और पशुधन विकास में शासन की योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान डॉ. एचके ओझा विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी पिछोर, डॉ. लोकेन्द्र यादव विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी खनियाधाना, ए.वी.एफ.ओ. रवि लोधी, विवेक लहारिया तथा मैत्री गौसेवक नंदराम अहिरवार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष शिवपुरी में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाएं।

बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर जे.पी. गुप्ता, एसडीएम शिवपुरी आनंद राजावत, डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन प्रकरण अधिक लंबित हैं, उनके अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी खाद्य शाखा एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को पीडीएस उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाने और नान के साथ समन्वय स्थापित कर मैपिंग व भुगतान संबंधी कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैपिंग में हुई देरी के कारण यदि वितरण या भुगतान प्रभावित हुआ है तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके लिए अपर कलेक्टर को प्रकरण की समीक्षा कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधीक्षक भू-अभिलेख शिवपुरी को पीएम किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित लंबित पंजीयन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी को संबल योजना, प्रसूता भुगतान तथा पेंडिंग आयुष्मान कार्ड आवेदनों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए।